4.28
14/9/09

प्रेषक,

निदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।

GIC. चिन्यालीसौड़

सेवा में,

जिला शिक्षा अधिकारी,
चमोली, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी,
बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर।

पत्रांक / श्या0प्र0मु0अभि0वि0 / 35912-39 /2009–10, दिनांक 07 सितम्बर 2009

विषय :- **शैक्षिक सत्र 2009–10 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों के संचालन हेतु अनुमति के सम्बन्ध में एवं इन विद्यालयों के संचालन सम्बन्धी दिशा–निर्देश विषयक बुकलेट का प्रेषण।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के अनुक्रम में आपको अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या 1154 / XXIV–3 / 09 / 02(75)08, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3, देहरादून दिनांक 03 सितम्बर 2009 के द्वारा शैक्षिक सत्र 2009–10, से निम्नांकित् तालिका के स्तम्भ–3 में अंकित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों को स्तम्भ–4 में अंकित राजकीय इण्टर कालेजों में अस्थाई रूप से संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। शासन के उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न।

क्र0	जनपद	प्रस्तावित श्या.प्र.मु.अभि.विद्यालय	अस्थाई संचालन हेतु रा0इ0का0
01	02	03	04
01	चमोली	गैरसैंण	रा0इ0का0 गैरसैंण
02	रूद्रप्रयाग	सुमाड़ी, भरदार	रा0इ0का0 रूद्रप्रयाग
03	उत्तरकाशी	दिवारीखोल, बनचौरा	रा0इ0का0 चिन्यालीसौड़
04	बागेश्वर	अमसरकोट	रा0इ0का0 बागेश्वर
05	ऊधमसिंह नगर	सुजिया खटीमा	रा0इ0का0 ऊधमसिंह नगर

कृपया तद्नुसार सम्बन्धित विद्यालयों के संचालन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

2– शासन के पत्र संख्या: 2311 / XXIV–3 / 08 / 04(03) / 2008, दिनांक 25 अगस्त 2009 के द्वारा अनमोदित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों की शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों के संदर्भ में दिशा–निर्देश विषयक बुकलेट भी आपको उपलब्ध करायी जा रही है।

संलग्न : उक्त बुकलेट।

भवदीय,
5/9/09
(पुष्पा मानस)
निदेशक,

पृ0सं0 / श्या0प्र0मु0अभि0वि0 / 35912-39 /2009–10, दिनांकित्।

प्रतिलिपि – निम्नांकित् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिलाधिकारी, चमोली / रूद्रप्रयाग / उत्तरकाशी / बागेश्वर / ऊधमसिंह नगर।
2. अपर शिक्षा निदेशक, गढ़वाल मण्डल पौड़ी, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।
3. प्राचार्य, श्या0प्र0मु0अभि0 विद्यालय, चमोली / रूद्रप्रयाग / उत्तरकाशी / बागेश्वर / ऊ.सिं.न.।
4. प्रधानाचार्य, रा0इ0का0 गैरसैंण,चमोली / रूद्रप्रयाग / चिन्यालीसौड़,उत्तरकाशी / बागेश्वर / खटीमा, ऊ0सिं0न0।
5. उप-निदेशक (अथ) शिक्षा निदेशालय

संलग्न : उक्त बुकलेट।

5/9/09
(पुष्पा मानस)
निदेशक,